# प्रेस नोट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर दिनांक 03.07.2025

**लूट/छिनैती का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर वांछित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 अदद स्कूटी, लूट/छिनैती का अन्य सामान एवं मुठभेड़ के दौरान प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा, 01 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा लूट/छिनैती संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज व क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक शाहपुर व प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल मय पुलिस टीम द्वारा थाना शाहपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 303/2025 धारा 304(2) बीएनएस व थाना चिलुआताल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 433/2025 धारा 309(4) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त सद्दाम अंसारी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा, 01 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद जिंदा कारतूस एवं चोरी की 01 अदद स्कूटी, लूट/छिनैती की 02 जोड़ी कान की बाली (पीली धातु), 01 अदद मंगलसूत्र का लॉकेट (पीली धातु) व 04 अदद चोरी की ई-रिक्शा की बैट्री के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तरी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

1. दिनांक 20.06.2025 को सुबह वादिनी अपने घर के बाहर टहल रही थी कि अभियुक्त द्वारा वादिनी की कान की बाली व मंगलसूत्र छीन लेने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना शाहपुर पर मु0अ0सं0 303/2025 पंजीकृत किया गया था।
2. दिनांक 25.06.2025 को सुबह मार्निंग वॉक के दौरान अभियुक्त द्वारा वादिनी की कान की बाली लूट लेने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चिलुआताल पर मु0अ0सं0 433/2025 पंजीकृत किया गया था।

दिनांक 02/03.07.2025 की रात को प्राप्त सूचना के आधार पर वांछित अभियुक्त की घेराबंदी करते हुए रोकने का प्रयास किया गया तो उसके द्वारा पुलिस बल पर फायरिंग शुरू कर दी गयी। पुलिस बल द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई जिसमें अभियुक्त घायल हो गया। अभियुक्त को घटना (मुठभेड़) में प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा, 01 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना शाहपुर पर मु0अ0सं0 321/25 धारा 318(4),317(2),109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुये। अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व आपराधिक इतिहास-**

**सद्दाम अंसारी पुत्र सिकन्दर अंसारी निवासी रसुलपुर थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर**

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 376/19 धारा 41,411 भादवि0 थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर
2. मु0अ0सं0 402/17 धारा 60 अबकारी अधि0 थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
3. मु0अ0स0 355/19 धारा 379,411 भादवि0 थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर
4. मु0अ0सं0 303/2025 धारा 304(2),317(2) बीएनएस थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
5. मु0अ0सं0 433/25 धारा 309(4),317(2) बीएनएस थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर

**बरामदगी-**

चोरी की 01 अदद स्कूटी, 02 जोड़ी कान की बाली (पीली धातु), 01 अदद मंगलसूत्र का लॉकेट (पीली धातु) व 04 अदद चोरी की ई-रिक्शा बैट्री एवं मुठभेड़ के दौरान प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा, 01 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
2. प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 अंजय सिंह थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
4. उ0नि0 संजय सिंह थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
5. उ0नि0 मधुरेश थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
6. उ0नि0 सच्चिदानंद पाण्डेय थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर
7. कां0 प्रवीण कुमार थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
8. कां0 अजय थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
9. कां0 राजू बिन्द थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर